केंद्रीय विद्यालय घुमारवीं की छात्रा ने चमकाया नाम

अनंत ज्ञान, घुमारवीं। पृथ्वी दिवस 2024 के अवसर पर पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत राष्ट्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय

द्वारा 15 अप्रैल को राष्ट्रीय स्तर पर ऑनलाइन नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। कक्षा छठी से आठवीं तक करवाई गई इस प्रतियोगिता का विषय 'ग्रह बनाम प्लास्टिक' रखा गया था। इस प्रतियोगिता में केंद्रीय विद्यालय घुमारवीं की छठी कक्षा की छात्रा शिवांजलि पंडित ने तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस प्रतियोगिता में भारत के नामी विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया था। उनमें से तृतीय स्थान प्राप्त करना एक छोटे विद्यालय की छठीं कक्षा की छात्रा के लिए एक बड़ी बात है। केंद्रीय विद्यालय घुमारवीं की प्राचार्य रिंकू कुमारी ने छात्रा को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि शिवाजंलि ने न केवल विद्यालय का नाम रोशन किया है, बल्कि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनी है।